आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 347 ● कटनी ● सोमवार, 24 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-7 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## बैतूल में नाचते-नाचते युवक गिरा, हो गई मौत

बैतूल। कई बार आंखों के सामने ऐसे हादसे हो जाते हैं कि यकीन नहीं होता। ऐसा ही एक हादसा हुआ मध्य प्रदेश के बैतूल में। यहां पर शादी समारोह में डांस करते-करते एक युवक गिर गया और उसकी मौत हो गई। इस दौरान वहां मौजूद उसके दोस्त इस बात पर यकीन नहीं कर सके। एक दोस्त उसे उठाने की कोशिश भी करता है, लेकिन कोई हरकत न होने पर उसे अस्पताल ले जाया गया(

### भारत में मिला ओमिक्रॉन का नया वैरिएंट B A-2

# इंदौर में 4 बच्चों समेत 16 मरीजों में पुष्टि

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कहर ढा रहे कोरोना के ओमिक्रॉन वर्जन के बीच वायरस के एक और वैरिएंट का खतरा मंडराने लगा है। इस वैरिएंट को BA-2 नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश के इंदौर में ओमिक्रॉन के सब वैरिएंट BA-2 ने दस्तक दे दी है। ओमिक्रॉन के नए स्ट्रेन से शहर में 16 लोग संक्रमित मिले हैं। इनमें 6 बच्चे भी हैं। वहीं, देशभर से 530 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए है। च, ऑस्ट्रेलिया और डेनमार्क में भी इसके केस सामने आए हैं। यह वैरिएंट ओमिक्रॉन की तरह ही तेजी से फैलता है। ऐसे में इसकी पहचान न होने पर इसके संक्रमण को रोक पाना बड़ी चुनौती है। चिंता की बात यह है कि टेस्ट किट की पकड़ में भी नहीं आ रहा है। इसी वजह से इसे 'स्टेल्थ' यानी छिपा हुआ वर्जन कहा जा रहा है। ब्रिटेन, स्वीडन और सिंगापुर में से हर एक देश ने 100 से ज्यादा सैम्पल जांच के लिए भेजे हैं। ओमिक्रॉन वैरिएंट अब भारत में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्टेज में पहुंच गया है। फिलहाल देश में लगभग 22 लाख एक्टिव केस मौजूद हैं।ओमिक्रॉन वैरिएंट अब भारत में कम्युनिटी ट्रांसमिशन की स्टेज में पहुंच गया है। फिलहाल देश में लगभग 22 लाख एक्टिव केस मौजूद हैं।



**देशभर से 530 सैम्पल जांच के लिए भेजे गए थे**

### स्टेल्थ वर्जन कहां, कब मिला?

अभी ये साफ नहीं कि इस वर्जन का पहला केस कहां मिला। ब्रिटिश स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, ब्रिटेन में पहली बार 6 दिसंबर 2021 को स्टेल्थ वर्जन का पता चला था। वहां इसके 426 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। यह अन्य वैरिएंट के मुकाबले तेजी से फैलता है।

### वैरिएंट के लक्षण क्या है?

कोरोना के नए वैरिएंट क्ऋ-2 के लक्षण ओमिक्रॉन की तरह ही हैं। ओमिक्रॉन का पता लगाने के लिए जिस जेनेटिक सोर्स को देखते हैं, वह BA-2 में सिरे से नदारद होता है। ऐसे में जेनेटिक सीक्वेंसिंग के जरिए ही इस वैरिएंट की पहचान की जा सकती है।

### कितने देशों में पहुंच चुका है?

कोरोना के नए वैरिएंट्स को पहचानने के लिए पिछले साल 17 नवंबर से च्लोबल इनिशिएटिव ऑन शेयरिंग ऑल इन्फ्लुएंजाज् के तहत तमाम देशों से डेटा जुटाया जा रहा है। अब तक करीब 40 देश अपना डेटा भेज भी चुके हैं, जिनमें भारत भी शामिल है।

# इंदिरा गांधी भी चाहती थीं स्थायी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक

**नई दिल्ली।** इंडिया गेट पर रखी अमर जवान ज्योति को अब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में ही रख दिया गया है। यहीं पर 1947 से अब तक देश की अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि के लिए एक ज्योति पहले से जल रही है। अब दोनों ज्योतियों का विलय कर दिया गया है। हालांकि इसे लेकर विवाद भी तेज है और मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इसे शहीदों का अपमान करार दिया है। इंडिया गेट पर अमर जवान ज्योति को पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 1971 में रखा था। बांग्लादेश युद्ध के दौरान शहीद करीब 4 हजार भारतीय सैनिकों की याद में यह ज्योति प्रज्वलित की गई थी। लेकिन तब खुद इंदिरा गांधी ने भी एक स्थायी युद्ध स्मारक की बात कही थी।

ऐतिहासिक स्रोत बताते हैं कि इंडिया गेट पर



अमर जवान ज्योति का रखा जाना अस्थायी व्यवस्था थी। तब खुद इंदिरा गांधी ने देश के लिए शहीद होने वाले जवानों के सम्मान के लिए स्थायी स्मारक बनाने की जरूरत बताई थी। इंदिरा गांधी ने अमर जवान के नाम से स्मारक बनाने की बात कही थी। उनकी सरकार में डिफेंस मिनिस्टर रहे बाबू जगजीवन राम ने 1 सितंबर, 1972 को लोकसभा में एक सवाल के जवाब में बताया था कि इंडिया गेट पर रखी गई अमर जवान ज्योति अस्थायी है और भविष्य में एक

### अमर जवान ज्योति को बताया था टेम्परेरी

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की योजना है। बाबू जगजीवन राम ने कहा था, च्यह अस्थायी है, एक परमानेंट स्मारक बनेगाज् बाबू जगजीवन राम ने लोकसभा में कहा था, च्एक अस्थायी युद्ध स्मारक अमर जवान ज्योति के साथ इंडिया गेट के पास बनाया गया है।

# 27 कोरोना से मामूली राहत हजार मरीज कम

### 439 लोगों की मौत, सक्रिय मामले 22 लाख के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना का कहर लगातार जारी है। संक्रमित मरीजों की संख्या में कभी कमी तो कभी तेजी देखी जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा




जारी सोमवार (24 जनवरी) के आंकड़े के अनुसार देश में बीते 24 घंटे में 3 लाख 6 हजार 64(3,06,064) नए मामले सामने आए हैं जो कि रविवार की तुलना में 27,469 कम हैं। वहीं बीते 24 घंटे में लोगों की कोरोना से मौत हुई है। सबसे अधिक चिंता करने वाली बात यह है कि देश में अब भी 21 लाख से अधिक लोग (21,87,205 ) संक्रमित हैं। हालांकि इस दौरान 2 लाख, 59 हजार 168( 2,59,168) लोग स्वस्थ भी हो गए। देश में दैनिक पॉजिटिविटी रेट बढ़कर अब 17.78 फीसदी हो गई है। देश में एक्टिव केस कुल केस के 5.57 फीसदी हैं। वहीं, साप्ताहिक संक्रमण दर 17 फीसदी से ऊपर है। कर्नाटक में कोहराम, भारत में सबसे ज्यादा मामले कर्नाटक में आए हैं। जहां कि बीते 24 घंटे में संक्रमित मरीजों की संख्या 50 हजार से अधिक(50,210) आई है। केरल में 45,449 केस, महाराष्ट्र में 40,805 केस, तमिलनाडु में 30,580 केस और गुजरात में 16,617 मरीज मिले हैं।

# मप्र में 10,585 नए मामले, 6 मौत


**भोपाल, ।** कोरोना की तीसरी लहर के प्रकोप के दौरान यह राहत की बात है कि प्रदेश में कोराना मरीजों की संख्या लगातार दूसरे दिन भी कम हुई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार रविवार को 80,967 सैंपल की जांच में 10,585 मरीज मिले हैं। छह मरीजों की मौत हुई है। इनमें चार इंदौर, एक भोपाल और एक जबलपुर में है। शनिवार को कुल 83,365 सैंपल की जांच में प्रदेश में 11,253 मरीज मिले थे। शुक्रवार को कोरोना के 11,274 नए मरीज सामने आए थे।उधर, इस बीच एक चिंता बढ़ाने वाली बात यह है कि अस्पतालों में भर्ती मरीजों का आंकड़ा एक हजार से ऊपर पहुंच गया है। फिलहाल 1034 पॉजिटिव और 145 संदिग्ध मरीज प्रदेश के अस्पतालों में भर्ती हैं। इसके साथ-साथ सक्रिय मरीजों का आंकड़ा भी सत्तर हजार के करीब पहुंच गया है। प्रदेश में फिलहा 69,893 मरीज हैं।





## शेयर बाजार में सुस्ती जारी, सेंसेक्स 180 अंक टूटकर खुला

नई दिल्ली । । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण शेयर बाजार लाल निशान पर खुला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 181.51 अंक या 0.31 फीसदी टूटकर 58856 के स्तर पर खुला, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी 61.70 अंक या 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 17555 पर खुला। बाजार खुलने के साथ ही लगभग 1126 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1175 शेयरों में गिरावट आई और 131 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।



## रूस और यूक्रेन के बीच जंग का खतरा

वाशिंगटन । अ बढ़ते तनाव व जंग के हालात के मद्देनजर अमेरिकी विदेश विभाग ने दोनों देशों स्थित अमेरिकी दूतावास से पात्र परिवारों को इन देशों को छोड़ने का आदेश दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा कि रूसी सैन्य कार्रवाई के निरंतर खतरे के कारण यूक्रेन और रूस के अमेरिकी दूतावास से पात्र परिवारों को वापस बुलाने का आदेश दिया गया है। सुरक्षा की स्थिति, विशेष रूप से रूस के कब्जे वाले क्रीमिया और रूस-नियंत्रित पूर्वी यूक्रेन में, अप्रत्याशित है और बिगड़ सकती है।यूक्रेन स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपनी ट्रेवल एडवायजरी में कहा है कि रूस की सैन्य कार्रवाई व कोविड-19 के बढ़ते खतरे को देखते हुए अमेरिकी नागरिक यूक्रेन की यात्रा न करें। अपराध और आंतरिक अशांति की आशंका के मद्देनजर अधिकतम सतर्कता बरतें। क्रीमिया, डोनेटस्क और लुहान्स्क के कुछ इलाकों में ज्यादा सावधानी रखने की जरूरत है।






## रसोई घर में फटा सिलेंडर 4 गंभीर

**गुरुग्राम।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम के एक घर में रसोई गैस सिलेंडर फटने के बाद आग लगने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सिलेंडर फटने की यह घटना शुक्रवार रात शीतला कॉलोनी में हुई। पुलिस के मुताबिक, घायलों में 40 वर्षीय संजू, उनकी पत्नी लक्ष्मी (36), बेटी निकिता (19) और बेटा नितिन (12) शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के रहने वाले संजू यहां रेहड़ी-पटरी लगाने का काम करते हैं और परिवार के साथ इस घर में किराये पर रहते हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी घायल करीब 60-70 फीसदी तक जल गए और उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।उन्होंने बताया कि घटना उस समय हुई जब लक्ष्मी किराए के मकान की रसोई में खाना बना रही थी, तभी जोरदार धमाके के साथ सिलेंडर फट गया और कमरे में मौजूद चारों लोग घायल हो गए।

## चुनाव से पहले अयोध्या में रेल हादसे की आतंकी साजिश?

### ट्रैक से खोले गए नट, 3 ट्रेनें भी गुजरीं

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों और गणतंत्र दिवस से ठीक पहले अयोध्या में कथित तौर पर एक बड़े रेल हादसे को अंजाम देने की आतंकी साजिश का मामला सामने आया है। हालांकि, इस हरकत के पीछे कौन था इसका अभी पता नहीं चल सका है। घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस के साथ ही रेलवे भी सतर्क हो गया है। जानकारी के अनुसार, अयोध्या धाम के रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार देर रात रेलवे ट्रैक के 6 नेट खुले मिले थे। रविवार सुबह जब तक रेलवे कर्मियों की नजर पड़ी इस ओर पड़ी तब जाकर इस घटना का पता चला, तब तक कई प्रमुख ट्रेनें यहां से गुजर गईं। इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग में मचा हड़कंप मच गया। इसके बाद आनन-फानन में ट्रैक को सही कराया गया। इस घटना को आतंकी साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है। इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों की ओर से रेल हादसे की आशंका व्यक्त करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के थाना अयोध्या कैंट एवं कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी गई है। आरपीएफ ने बोल्ट चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।



## चरित्र पर शक हुआ तो पत्नी की काटी नाक

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक पति द्वारा पत्नी की नाक काटने का मामला सामने आया है। पत्नी के चरित्र पर संदेह होने पर पति ने यह कदम उठाया। घटना शिवपुरी जिले के बैराड़ स्बे की है। पुलिस में मामले की शिकायत करने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी पति बंटी जाटव के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि महिला रेखा जाटव पिछले छह दिनों से घर से बाहर थी। जब वह वापस आई तो गुस्से में लाल पति ने पहले मारपीट की। इसके बाद पति ने उससे पूछा कि वह बिना बताए कहां चली गई थी? पति के पूछने पर उसने जवाब नहीं दिया तो पति ने उसके चरित्र पर संदेह के चलते बगल में रखी सब्जी काटने बाली छुरी से उसकी नाक काट दी। नाक काटने के बाद पति ने पत्नी को धमकी दी कि अगर वह इस मामले की शिकायत करने के लिए थाने में गई तो उसे जान से मार देगा। वहीं बैराड़ थाना प्रभारी अरविंद चौहान ने बताया है कि करीब 6 दिन पहले पति को बिना बताए पत्नी घर से चली गई। वापस लौटने के बाद पति ने गुस्से में चरित्र पर संदेह हुआ तो उसने पत्नी की नाक काट दी। आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

### 10 रुपये भी हैं जेब में?...सेल्समैन ने मजाक उड़ाकर किसान को भगाया

# ले आया 10 लाख

**नई दिल्ली।** कहते हैं कि किसी इंसान को उसके कपड़ों से नहीं आंकना चाहिए। ऐसी ही भूल एक कार शोरूम के सेल्समैन से हुई। कर्नाटक के तुमकुरु में एक किसान अपने दोस्तों के साथ कार के शोरूम पहुंचा। वह अपनी ड्रीम कार खरीदने गया था लेकिन उसके कपड़े देखकर सेल्समैन ने उसे भगा दिया। अपमानित किसान 30 मिनट के अंदर दस लाख रुपये कैश लेकर अपनी ड्रीम कार खरीदने लौटा।

मामला चिक्कासांद्रा होबली में रामनपाल्या के केम्पेगौड़ा आरएल के साथ हुआ। पेशे से सुपाड़ी किसान केम्पेगौड़ा एसयूवी बुक करने के लिए शोरूम पहुंचे थे। सेल्समैन ने उन्हें देखकर मजाक उड़ाया। सेल्समैन ने कहा, 10 लाख रुपये तो दूर, तुम्हारी जेब में 10 रुपये भी नहीं होंगे। उसे लगा कि किसान बेकार में उसका समय बर्बाद करने आए हैं। शोरूम से निकलने से पहले, केम्पेगौड़ा और उनके दोस्तों ने सेल्समैन को चुनौती दी कि अगर वह आज ही कैश लेकर आता है तो उसने एसयूवी की डिलीवरी तुरंत करनी होगी। सेल्समैन ने उसे भगा दिया। केम्पेगौड़ा अपने खेत में चमेली और क्रॉसेंड्रा भी उगाते हैं। उन्होंने बताया कि वह सेल्समैन को चेतावनी दे आए थे।

## मेरी सेहत की चिंता करते हैं कुछ लोग, दिखाऊंगा ताकत

# भाजपा पर बरसे उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे बीते साल नवंबर में स्पाइन सर्जरी कराने के बाद से पहली बार रविवार को नजर आए। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सीएम ने इस दौरान भाजपा पर तीखा हमला बोला। कभी अपनी साझीदार रही भाजपा पर बरसते हुए उद्धव ने कहा कि हमने ही इन्हें 25 सालों तक पोषित किया और यह दुर्भाग्यपूर्ण था। उन्होंने कहा कि हमने इनके साथ मिलकर अपने 25 सालों को गंवा दिया। इस मौके पर उन्होंने शिवसेना के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे एनसीपी और कांग्रेस के लोगें के साथ मिलकर संस्थाओं के निर्माण का काम करें। स्पाइन सर्जरी के बाद से उद्धव ठाकरे राजनीतिक गतिविधियों से दूर रहे हैं। इस पर भाजपा हमला भी करती रही है कि यदि उनकी सेहत खराब है तो वह किसी और को जिम्मेदारी सौंप सकते हैं। इस पर उद्धव ठाकरे ने कहा, च्मैं जल्दी ही बाहर निकलूंगा और पूरे महाराष्ट्र का दौरा करूंगा। मैं विरोधियों को भगवा रंग की ताकत दिखाऊंगा, जो मेरी




सेहत को लेकर चिंतित हैं। जैसे केयरटेकर सरकारें होती हैं, वे केयरटेकर विपक्ष हैं और इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।ज् उद्धव ठाकरे ने कहा कि अफसोस है कि हम 25 सालों तक उनके साथ रहे। भाजपा के हिंदुत्व को भी उन्होंने छलावा बताते हुए कहा कि वह सिर्फ सत्ता का प्रदर्शन है।

### अमित शाह पर सीधा हमला

सीधे होम मिनिस्टर अमित शाह पर हमला बोलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि वह पुणे आए थे और हमें अकेले लड़ने की चुनौती दी थी। हमें उनके चैलेंज को स्वीकार किया। दशहरा की रैली में मैंने उनके चैलेंज को स्वीकार करने की बात कही थी। यदि आपके पास साहस है और कार्यकर्ताओं की ताकत है तो फिर आप किसी ईडी या अन्य एजेंसी से नहीं डरते। उद्धव ठाकरे ने कहा कि भाजपा च्यूज एंड थ्रोज् की पॉलिसी अपनाती है।

### भाजपा को याद दिलाई, बालासाहेब की बात

उद्धव ठाकरे ने कहा, हम हिंदुत्व नहीं छोड़ेंगे। हमने भाजपा के साथ अपना गठबंधन तोड़ा है, लेकिन हिंदुत्व नहीं छोड़ा। लेकिन बालासाहेब ने भाजपा से कहा था कि आप देश को संभालो। हम महाराष्ट्र की चिंता करेंगे। लेकिन उन्होंने विश्वासघात किया और हमें ही खत्म करने का प्रयास करने लगे। हमने उन्हें कई सालों तक झेला। लेकिन वे जैसे ही जीते, उन्होंने इस्तेमाल करो और फेंको की नीति अपना ली।




## पराक्रम दिवस पर अभविप ने जलाए दीप

**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी द्वारा पराक्रम दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की 125 वीं जयंती के उपलक्ष पर घंटाघर के सामने उनकी रंगोली से चित्र बनाकर दीप प्रज्वलित किया एवं छात्र छात्राओं को बताया गया कि महान देशभक्त और कुशल नेता सुभाष चंद्र बोस अंग्रेजों के लिए सबसे खतरनाक व्यक्ति थे। ब्रिटिश सरकार सुभाष बोस को हथकड़ियां पहनाने के बहाने खोजती थी। वह किसी भी कीमत पर उन्हें आजाद नहीं छोड़ना चाहती थी। उनकी गतिविधियों ने ना सिर्फ अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए बल्कि उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपनी एक अलग फौज भी खड़ी की थी जिसे नाम दिया आजाद हिन्द फौज। सुभाष चन्द्र ने सशस्त्र क्रान्ति द्वारा भारत को स्वतंत्र कराने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर, 1943 को 'आजाद हिन्द सरकार' की स्थापना की तथा 'आजाद हिन्द फौज' का गठन किया. इस कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के समस्त कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीदी के बाद गोदाम के अंदर सुरक्षित रखरखाव में बदइंतजामी, करोड़ों का गेहूं बरबाद

### पानी में भीगी धान से हुआ था बड़ा नुकसान अब एक और मामला



**कटनी।** कुछ रोज पहले कटनी जिले में हुई बारिश के चलते बेचने के लिए रखी करोड़ों की धान की बर्बादी सामने आई थी यह मामला अभी चल ही रहा है कि अब समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के बाद गोदाम के अंदर सुरक्षित रखरखाव में बदइंतजामी का बड़ा मामला सामने आया है। कटनी जिले के अलग-अलग गोदाम में लगभग 20 हजार मिट्रिक टन गेहूं खराब हो गया। गेहूं की यह मात्रा इंसानों के उपयोग लायक नहीं है। समर्थन मूल्य के अनुपात में कटनी में खराब गेहूं 39 करोड़ 50 लाख रुपए से ज्यादा की बताई जा रही है। बाजार मूल्य और अधिक हो सकती है। बड़ी बात यह है कि गेहूं अकेले कटनी में नहीं बल्कि प्रदेश के दूसरे जिलों में भी बड़ी मात्रा में खराब हुई है। गोदाम के अंदर रखे-रखे अरबों रुपए की गेहूं खराब होने के बाद प्रदेशव्यापी टेंडर निकालने की तैयारी है। इसके लिए जिलों से खराब गेहूं की जानकारी मंगवाई गई है। खराब गेहूं को लेकर मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के जिम्मेदार बताते हैं इस बारे में नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों को जानकारी दी गई है। गोदामवार जानकारी देकर बताया गया है कि कहां गेहूं खराब हो रही है। वहीं नागरिक आपूर्ति निगम का कहना है कि खराब गेहूं को लेकर अब टेंडर निकालने के लिए प्रदेशस्तर पर तैयारी है। इसके लिए जिलों से खराब गेहूं की जानकारी मांगी गई है। टेंडर के बाद गोदाम में जगह खाली होने पर आगामी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए गोदाम पर स्थान भी सुनिश्चित हो सकेगी।

#### दो साल पहले भंडारण, समय रहते निकासी में लापरवाही

यह पहला मामला नहीं है। बरही तहसील के उबरा स्थित गोदाम में 9 हजार 5 सौ क्विंटल गेहूं का भंडारण 2019 में समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद किया गया था। इस गोदाम से दो साल बाद भी गेहूं की निकासी नहीं हुई और यहां गोदाम में रखे-रखे ही गेहूं में कीड़े पड़ गए। घुन लग गई। अब यह गेहूं इंसानों के उपयोग लायक नहीं बची है। गोदाम में सुरक्षित रखरखाव के दावों के बीच जिले के दूसरे गोदाम व वेयरहाउस में गेहूं खराब हुई है।

## मास्क को लेकर रोज हुज्जत

### जिसका डर वही हुआ, नगर निगम कर्मी और आटो चालक के बीच मारपीट, पुलिस को संभालना पड़ा



**कटनी।** दो दिन पहले ही यशभारत ने बताया था कि कटनी में नगर निगम के द्वारा जिस ढंग से मास्क लगाने के लिए चेंकिंग की जा रही है वह किसी दिन किसी बड़ी लड़ाई झगड़े का कारण बन सकती है। कुछ ऐसा ही हुआ बीते दिन माधवनगर गेट के पास नगर निगम के तथा कथित लठैतों ने एक आटो चालक को मास्क लगाने की नसीहत अपने अंदाज में दी बस फिर क्या था आटो चालक बिफर पड़ा और बात हाथापाई की जा पहुंची। निगम के कर्मचारी भारी पड़े और आटो चालक की पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने इसे अपने मोबाइल पर कैद कर लिया। झगड़ा इतना बढ़ा कि कई आटो चालक इकठ्ठे हो गये। मामला गंभीर होता देख माधवनगर पुलिस ने जैसे तैसे समझा बुझाकर दोनो पक्षों को शांत किया, लेकिन यह एक मामला नहीं है पूरे दिन जहां तहा ऐसी घटनाएं घट रही हैं। मास्क के लिए जागरूकता जरूरी है लेकिन इसके तौर तरीके खास तौर पर नगर निगम के सही नहीं कहे जा सकते अत: जिम्मेदारों को इस दिशा में सोचना होगा।

## संक्षिप्त

### सोसायटी का ताला तोड़कर गेहूं-चावल ले गए चोर

#### बरही थाना क्षेत्र के देवरा खुर्द में हुई वारदात

**कटनी।** चोरी की वारदातें लगातार प्रकाश में आ रही हैं। अब बरही थाना क्षेत्र के ग्राम देवराखुर्द स्थित सोसाटियों को बदमाशों ने निशाना बनाया और गेहूं, चावल पार कर दिया। जानकारी अनुसार सोसायिटी का ताला तोड़कर बदमाशों ने अंदर प्रवेश किया और 964 किग्रा चावल कीमती 15200 रूपए व 1701 किग्रा गेहूं कीमती 26400 रूपए चोरी कर लिया। घटना की शिकायत कौशल कुमार कोल पिता हज्जी कोल निवासी ग्राम लूली द्वारा थाने में की गई। जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ कर दी है।

### सट्टा-पट्टी काटते युवक गिरफ्तार

**कटनी।** अलग-अलग स्थानों से पुलिस द्वारा सट्टा-पट्टी काट रहे दो युवकों को पकड़कर कार्रवाई की गई है। कुठला पुलिस ने खडौला भटिया के पास सूरज निषाद को पकड़ा जो सट्टा-पट्टी काट रहा था। सटोरिए से एक नग सट्टा-पट्टी व नगदी 275 रूपए जप्त कर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया है। इसी प्रकार बरही पुलिस ने अस्पताल मोड़ पर सुखदेव गुप्ता को सट्टा-पट्टी से अंकों पर दांव लगाते हुए पकड़ा। जिसके कब्जे से एक नग सट्टा-पट्टी व 175 रूपये नगद जप्त किए गए। आरोपी के विरूद्ध 4 क सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बाइक की ठोकर से महिला घायल

**कटनी।** तेज रफ्तार मोटरसायकल के चालक की लापरवाही के कारण वाहन की टक्कर लगने से महिला घायल हो गई। जानकारी अनुसार एनकेजे थानांतर्गत जुहला बायपास के समीप मोटरसायकल क्रमांक एम.पी.21एमएन-7284 ने टक्कर मारकर शकुन बाई दहिया पति रामजी दहिया को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## बीजेपी के बूथ विस्तारक बने विधायक तथा जनप्रतिनिधि, घर-घर दे रहे दस्तक

# पूरी पार्टी जुटी बूथ विस्तार योजना में





**कटनी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष को पूरे प्रदेश में संगठन पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए शुरू की बूथ विस्तारक योजना के अन्तर्गत, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, बूथ विस्तारक, शक्ति केंद्र प्रभारी विभिन्न बूथों पर पहुंचे। दरअसल भाजपा इस अभियान के जरिए कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने में जुटी है।

#### संजय पाठक विगढ़, संदीप कटनी तो प्रणय बहोरीबंद में जुटे

इस अभियान में जिले के तीनों विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडे भी लगे हैं। विधायकों को टारगेट फिक्स किया गया है जिन्हें अपने अपने विधानसभा के बूथों में पहुंच कर ऐप से जानकारी भरनी है। इसका भौतिक सत्यापन भी होगा। विधायक संजय पाठक ने विजयराघवढ़ में तो संदीप जायसवाल कटनी मुड़वारा और प्रणय पांडे बहोरीबंद के बूथों तक हाजिरी लगा रहे हैं। पूरे कटनी जिले में बूथ विस्तारक योजना में संगठन के ज्यादा से ज्यादा विस्तार के लिए कार्यकर्ताओं में उत्साह है। बूथ स्तर पर घर घर पहुंच कर संगठन का विस्तार डिजिटल एप तथा भौतिक तौर पर किया जा रहा है। सभी मंडलों, शक्ति केंद्र में बूथ विस्तारक के पदाधिकारी लगातार संगठन गढ़े चलो, सुपंथ पर बढ़े चलो कार्य में लगे हुए हैं।

जिला उपाध्यक्ष दीपक सोनी, मंडल अध्यक्ष, मनीष मिश्रा एवं महामंत्री आशुतोष सराफ ने विजयराघवगढ़ मंडल के गोहरा शक्ति केन्द्र के बूथ क्रमांक 49 में जिला मंत्री रम्मू साहू एवं मंडल अध्यक्ष जयवंत सिंह ने कांटी मंडल के शक्ति केंद्र भैंसवाही के बूथ क्रमांक 18 में, बहोरीबंद में मंडल विस्तारक किशन राय एवं मंडल अध्यक्ष इंद्रकुमार पटेल ने ग्राम कूड़न में बूथ क्रमांक 190, 191 एवं शक्ति केंद्र डिहुँटा के बूथ क्रमांक 248 में में, जिला उपाध्यक्ष सुरेश राय एवं मंडल अध्यक्ष कमलेश सेन ने बाकल मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों में, मंडल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र बघेल ने बड़वारा मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों में, बिलहरी मंडल के विस्तारक मयंक गुप्ता एवं मंडल अध्यक्ष बलराम यादव ने बिलहरी के शक्ति केंद्र पिपरिया परोहा के बूथ क्रमांक 107 एवं बूथ क्रमांक 111, 112 में, मण्डल अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने स्लीमनाबाद मंडल के शक्ति केंद्र देवरी के बूथ क्रमांक 176, 177 में, मंडल विस्तारक कौशल दुबे एवं मंडल अध्यक्ष सतीश नायक ने कुआं मंडल के शक्ति केंद्र छपरा के बूथ क्रमांक 148, 149, 150 में, माधवनगर मंडल के उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, अशोक मखीजा, दर्शन बजाज, एवं अमित रोहरा ने माधवनगर मण्डल के विभिन्न शक्तिकेंद्रों के बूथों में, बरही के शक्ति केंद्र उबरा में डारेश्वर पाठक, मंडल अध्यक्ष केशव यादव, महामंत्री पीडी ताम्रकार ने एवं सिलौड़ी मंडल के शक्ति केंद्र गोपालपुर में मंडल अध्यक्ष श्री प्रशांत राय ने पहुंचकर कार्य किया इस अवसर पर बूथ विस्तारक, एप संचालक, शक्ति केंद्रों के संयोजक एवं मंडलों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

#### अब शुरू हुआ माइक्रोडोनेशन अभियान, कार्यकर्ताओं से लिया जाएगा दान

बूथ विस्तारक योजना चल रही है इस बीच अब भाजपा कार्यकर्ताओं से पांच रूपये से लेकर एक हजार रूपये का दान ले रही है। भाजपा का कहना है कि कार्यकर्ता सभी बूथों तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाने, केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने तथा पार्टी में उनका आर्थिक सहयोग प्राप्त करने के लिए लोगों से संपर्क करेंगे। माइक्रो डोनेशन का अभियान की शुरुआत भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयती 25 दिसंबर को हुई थी। 11 फरवरी तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि तक यह चलेगा। इस दौरान कार्यकर्ता और समर्थकों को पार्टी फंड में अपना योगदान देने एवं पार्टी को समृद्ध एवं संगठित बनाने के लिए सहयोग करने का आग्रह करेंगे।

## टेंडर का खेल : सिटी बस की जगह मिल गई इंदौर की बस!



**कटनी।** *कटनी में सिटी बस चलाने की योजना अब पूरी तरह से बंद फाइल की तरह हो गई है। वैसे सिटी बस तो नहीं इस बहाने कटनी से इंदौर की बस जरूर मिल गई। सिटी बस चलाने के लिए गाहे बगाहे नगर निगम तथा जनप्रतिनिधियों की सक्रियता सामने आती रहती है। जब जब मामला मीडिया की सुर्खियां बनता है इसकी फाइल खुल जाती है। फिर से टेंडर का खेल शुरू होता है कुछ रोज अहसास होता है कि बस अब कटनी को सिटी बस मिलने वाली है लेकिन समय के साथ यह मसला फिर से ठंडे बस्ते में चला जाता है और अब तो इसके बारे में कुछ भी किसी को नही पता*

#### बस चलाने की बारी आई तो कोरम पूर्ति तक सीमित रहा प्रयास

शहर में सिटी बस चलाने के लिए टेंडर प्रक्रिया और दूसरी बाधाएं पार होने के बाद जब सड़कों पर बस उतारने की बारी आई, तो जिम्मेदारों ने सिटी बस के बजाय इंटरसिटी बस चलाने पर ज्यादा ध्यान दिया। 28 नवंबर को जिले के प्रभारी मंत्री से कटनी से इंदौर के बीच इंटरसिटी बस का उद्घाटन करवाया गया। सिटी बस नहीं चलने से शहर के लोग गुस्से में हैं। बताते हैं कि कटनी से इंदौर तो लोग ट्रेन से भी जा सकते हैं। जरूरी थी शहर के अंदर सिटी बस, जिसे चलाने में अफसरों का प्रयास कागजों तक ही सीमित हैं। इंटरसिटी बस में भी कटनी से कान्हा टाइगर रिजर्व सहित दूसरे टाइगर रिजर्व और शहरों के बीच बस चलाने के सपने दिखाए गए, जो पूरे नहीं हुए। सिटी बस चलने से शहर में प्रदूषण में कमी, शहर के अंदर आवागमन में पैसे की बचत व महिलाओं व युवतियों के लिए सुरक्षित आवागमन जैसी सुविधाएं मिलती।

**ऐसे चला टेंडर का खेल**

- 01 दिसंबर 2017
- 03 जनवरी 2018
- 3 फरवरी 2018
- 15 मार्च 2018
- 24 अप्रैल 2018
- 25 जून 2018
- 11 सितंबर 2019

## भरी ठंड जलसंकट बंद पड़ी नल जल योजना



**कटनी।** इस कड़कड़ाती ठंड में जहां एक ओर लोगों के हाड़ कंप रहे तो वहीं दूसरी ओर कटनी जिले की रीठी जनपद मुख्यालय के रहवासी जिम्मेदारों की अनदेखी व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता का दंश झेलने को मजबूर हैं। इस कड़कड़ाती ठंड के बीच लोग अपनी प्यास बुझाने के लिए बूंद-बूंद पानी की व्यवस्था करने के लिए मजबूर हैं और मुख्यालय के अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस पेयजल की भीषण समस्या से बेखबर है। बताया गया कि ग्राम पंचायत रीठी के सिंघैया मोहल्ला की नल-जल योजना योजना महीनों से बंद पड़ी है। वार्डों में लगे हैंडपंपों ने भी दम तोड़ दिया है। पीएचई विभाग की लापरवाही के चलते हैंडपंप पानी की जगह हवा उगल रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुछ हैंडपंपों में पानी की कमी है तो कुछ हैंडपंपों के पाइप के साथ हैंडल तक गायब हैं। रहवासियों की प्यास बुझाने का एकमात्र साधन नल-जल योजना थी, जो पिछले कई दिनों बंद पड़ी है। जिसके चलते लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए यहां-वहां भटकना पड़ रहा है, और ग्राम पंचायत उदासीन बनी हुई है।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
PUSHPA
(हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लोवर क्लास -60/-

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक- पोद्दार हॉस्पिटल, कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार 40वें दिन की ओर
रोजाना 3 शो ता. 14 से
1,4 एवं सायं 7.30 बजे से




PUSHPA (हिन्दी में)
कलाकार- आलू अर्जुन, रश्मिका मदाना, फदाह फासिल, अनसुईया भारद्वाज आदि।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, सोमवार, 24 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# बिल पूरा, लेकिन आधी बिजली भी नसीब नहीं

## लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे वल्लभनगर कॉलोनी के वाशिंदे


उपभोक्ता के घर में लगा सबमर्सिबल पंप, जो लो वोल्टेज की वजह से स्टार्ट नहीं हो रहा।

**कटनी।** शहर के कुछ इलाके ऐसे हैं, जहां के लोगों को हर समय लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से बिजली बिल तो पूरा वसूल किया जा रहा है, लेकिन उपभोक्ताओं को बिजली आधी भी नसीब नहीं हो रही। आलम यह है कि शिकायतों का समाधान तक नहीं किया जा रहा। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 3 के अंतर्गत आने वाली वल्लभनगर कॉलोनी के वाशिंदे पिछले काफी समय से लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं।

**पूरी कॉलोनी में एक ही ट्रांसफार्मर से हो रही विद्युत आपूर्ति**

क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि लो वोल्टेज की वजह से बोरिंग मशीन तक चालू नहीं हो पाती, जिसकी वजह से यहां के लोगों को घर पर बोरिंग होने के बाद भी पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। दिन भर लो वोल्टेज की वजह से विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों द्वारा कईयों बार पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों से शिकायत किए जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। क्षेत्र के नागरिक दिलीप कुमार सोनी ने बताया कि कॉलोनी के निर्माण के बाद से यहां लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। आलम यह है कि सुबह होते ही जब सबमर्सिबल पंप चालू करते हैं तो लो वोल्टेज की वजह से मशीन चालू हीं नहीं होती। इसके अलावा ट्यूबलाइट व अन्य उपकरण भी लो वोल्टेज की वजह से काम नहीं करते। जिससे विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। शिकायत करने पर भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। दिलीप सोनी ने बताया कि विगत 15 जनवरी को लो वोल्टेज को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमे शिकायतकर्ता से बिना संपर्क के ही शिकायत को बंद कर दिया गया। उन्होंने दोबारा शिकायत दर्ज कराई, साथ में सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, तब जाकर लाइनमेन ने आकर बताया कि एक ट्रांसफार्मर से काफी लंबे एरिया को विद्युत सप्लाई की जाती है, जिस वजह से यहां लो वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता है, परंतु समस्या का समाधान नहीं किया गया। कॉलोनी के नागरिक दिलीप सोनी, कमल पटेल, प्रभु दयाल सोनी, अवध प्यासी ने पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के अधिकारियों से क्षेत्र में एक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है।

# 48 घंटे में आ रही सेम्पलों की रिपोर्ट, कहीं देर न हो जाए

## 22 जनवरी को जांच के लिए भेजे गए थे 546 सेम्पल

**कटनी। कोरोना संक्रमण से निपटने में कहीं प्राईवेट लैब की लापरवाही भारी न पड़ जाए। आलम यह है कि 48-48 घंटे से सेम्पलों की रिपोर्ट नहीं मिल रही है। यही स्थिति रही तो कोरोना संक्रमण की चैन तोड़ने के लिए जो प्रयास किए जा रहे हैं, उसमे कैसे सफलता मिलेगी। सेम्पलों की रिपोर्ट देरी से मिलने के कारण कई तरह की समस्याएं सामने आ रही है।**




गौरतलब है कि मेडिकल कॉलेज जबलपुर स्थित आईसीएमआर लैब पर दबाव बढ़ने के बाद पिछले कुछ दिनों से गुड़गांव स्थित एलिगिटी लैब में जांच के लिए सेम्पल भेजे जा रहे हैं। जिसकी रिपोर्ट देने में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। वैसे तो 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट मिल जानाचाहिए लेकिन कटनी जिले में 48-48 घंटे में रिपोर्ट मिल रही है। बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय सहित जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में सेम्पल एकत्रित करते हुए जांच के लिए भेजे जाते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कोरोना के लक्षण होने के बाद जिन लोगों द्वारा सेम्पल दिया जाता है, उन्हें रिपोर्ट आने तक घर पर ही क्वारंटाइन रहने के लिए कहा जाता है लेकिन इसकी मॉनीटरिंग कैसे हो रही है, यह जांच का विषय है। जिले में कोरोना संक्रमण बढ़ने का एक कारण यह भी हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी में बताया गया है कि 22 जनवरी को 546 सेम्पल जांच के लिए भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट अब तक नहीं मिल सकी है।

**कोरोना से निपटने में प्राईवेट लैब की लापरवाही**

**जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस**

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी | 00 |
| 02 जनवरी | 00 |
| 03 जनवरी | 00 |
| 04 जनवरी | 00 |
| 05 जनवरी | 00 |
| 06 जनवरी | 00 |
| 07 जनवरी | 05 |
| 08 जनवरी | 03 |
| 09 जनवरी | 05 |
| 10 जनवरी | 05 |
| 11 जनवरी | 22 |
| 12 जनवरी | 21 |
| 13 जनवरी | 45 |
| 14 जनवरी | 67 |
| 15 जनवरी | 129 |
| 16 जनवरी | 64 |
| 17 जनवरी | 55 |
| 18 जनवरी | 34 |
| 19 जनवरी | 58 |
| 20 जनवरी | 50 |
| 21 जनवरी | 57 |
| 22 जनवरी | 62 |
| 23 जनवरी | 95 |
| 24 जनवरी | अप्राप्त |

# डीसीए रेड ने 40 रनों से जीता यदु स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट

## फाइनल मुकाबले में डीसीए ब्लू को हराया, सुमित मैन ऑफ द मैच व संकल्प बने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट



**कटनी।** स्थानीय फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में खेले जा रहे 14वे यदु स्मृति टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला डीसीए रेड व डीसीए ब्लू के मध्य खेला गया। जिसमे डीसीए रेड ने 40 रनों से मुकाबला जीतकर खिताब में कब्जा जमाया पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीसए रेड ने निर्धारित 20 ओवरों में 147 रन बनाए। जिसमे संकल्प जैन ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 52 रनों का योगदान दिया,जिसमे 3 गगनचुम्बी छक्के भी शामिल रहे। इसके अलावा आयुष शर्मा ने 23 रन एवं देवांश नानकाणी ने 16 रन बनाए। डीसीए ब्लू की ओर से सुमित सिंह ने 3 विकेट लिए। जवाब में डीसीए ब्लू की पूरी टीम 8 विकेट पर 107 रन ही बना सकी। जिसमे हिमांशु दाहिया ने सर्वाधिक 30 रन बनाये। फाइनल मुकाबले के बाद समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप जायसवाल की मौजूदगी रही। फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सुमित सिंह को दिया गया। इसी तरह मैन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार संकल्प जैन को दिया गया। इसके अलावा लकी मेहरा, विजयेन्द्र सिंह, आदित्य भारती एवं मुस्कान विश्वास को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक संदीप जसायसवाल ने अपने उद्बोधन में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी खिलाड़ियों को अपनी ओर से राशि प्रदान किए जाने की घोषणा की। इस मौके पर वरिष्ठ खिलाड़ी मृणाल बैनर्जी, तनूप सरकार, आर पी सिंह, जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड, नवलेश मालिक, आनन्द बैरागी, रमन सेठी, संजय गिरी, उदयन चौधरी, श्रीराम अग्रहरी, विभाष पाटिल, संतोष राव, विकास रजक, मैथ्यूज सर, राजेश पटेल, अंतिम गुप्ता आदि उपस्थित थे। मैच में मनीष शर्मा एवं संदीप बक्स ने अम्पायर की भूमिका निभाई। जिला क्रिकेट संघ के सचिव राजेश डेविड ने टूर्नामेंट में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर युवाओं ने किया रक्तदान



**कटनी।** महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 125वीं जयंती के अवसर पर कटनी ब्लड डोनर्स एवं मिलन ब्लड डोनर्स सोसायटी के सदस्यों द्वारा कल 23 जनवरी को जिला चिक्त्सिालय में स्थित जिला ब्लड बैंक में रक्तदान किया गया। इस अवसर पर युवक कांग्रेस नेता रौनक खंडेलवाल, श्रेहा रौनक खंडेलवाल, श्रीमती मंजू शर्मा, संतोष पांडेय, कृष्णा सोनी, सौरभ समान्ता, सुमित रैकवार, अन्नू बहरे, गौरव नागवानी व अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# दुर्दशा की शिकार शहर की जीवनदायिनी कटनी नदी, संरक्षण के लिए नहीं हो रहे प्रयास


शहर की जीवनदायिनी कही जाने वाली कटनी नदी अपने अस्तित्व से जूझ रही है। कटनी नदी के गाटरघाट, मोहनघाट और मसुरहा घाट में नदी का पानी प्रदूषित हो गया है। यहां स्टापडेम पर चोई जमी हुई है। इसके बावजूद जिला प्रशासन और नगर निगम के अधिकरियों नदी की सफाई के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



# सांसद हिमाद्री सिंह के सामने ग्रामीणों ने उठाया बिजली का मुद्दा

**कटनी।** शहडोल सांसद हिमान्द्री सिंह रविवार को बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर पहुंची। इस दौरान उन्होंने ग्रामों का भ्रमण किया, जहां पर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश भी मौके पर दिये। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। सांसद श्रीमती सिंह ने बड़वारा पंचायत भवन में ग्रामीणों से रुबरु चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से प्राप्त जन समस्याओं को लेकर संबधित अधिकारियों को त्वरित काम करने के निर्देश दिए। बड़वारा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान ग्रामीणों से लगातार बिजली संबधित मिल रही शिकायतों पर सांसद श्रीमती सिंह ने नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्राप्त शिकायतों के संबंध मौके पर ऐई को फोन पर वहीं जेई को समक्ष में हिदायत दी। साथ ही दो दिवस के भीतर समस्याओं का निराकरण कर अवगत कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान सांसद हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों का भी भ्रमण किया। जिसमें ग्राम पंचायत बड़वारा, परसेल, भजिया, भुड़सा, पनसोखर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र से संबंधित समस्याओं के विषय मे जानकारी ली और उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं को अवगत कराकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**बिजली आपूर्ति में शिकायतों के बाद सांसद ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश**

# रंक से राजा बनाने का धार्मिक केंद्र बना मां दुर्गा का मंदिर

## संदीप कालोनी में मां दुर्गा की प्राण-प्रतिष्ठा, सुमेरूपीठ काशीपुरी के शंकराचार्य महाराज पहुंचे, नवदिवसीय अनुष्ठान का कल होगा समापन





कटनी/बरही। कहते हैं मन में विश्वास हो तो बंजर जमीन भी सोना उगलने लगती है। व्यक्ति रंक से राजा बन जाता है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक युवक की किस्मत ढाई एकड़ बंजर-वीरान जमीन के टुकड़े ने संवार दी। मन में मां दुर्गा के प्रति अटूट विश्वास था। आज उस युवक के पास सब कुछ है, धन, दौलत, शोहरत, मान-सम्मान और खुशहाल परिवार भी। इसी खुशहाली से खुश होकर उन्होंने मां दुर्गा के विशाल, भव्य, दिव्य मंदिर का निर्माण कराते हुए दिल खोलकर 9 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान करा रहे हैं। वे है बरही के संदीप अग्रवाल, मंदिर का निर्माण संदीप कालोनी में हुआ है, जो मां पूर्णरेश्वरी देवी के नाम से कामनाओं को पूर्ण करेगी। ग्राम खन्ना के संदीप कालोनी में समाजसेवी संदीप अग्रवाल द्वारा निर्मित कराए गए विशाल मंदिर में मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सुमेरूपीठ काशीपुरी के शंकराचार्य जी महाराज पहुंचे, जहां उन्होंने मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से रविवार को प्राण-प्रतिष्ठा कराई। इसके पूर्व शनिवार की दोपहर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे हाथों में कलश लिए महिलाएं, युवतियां धार्मिक गंगा में डुबकी लगाते हुए झूमते हुए चल रही थी, तो वहीं एक रथ में प्रतिमाएं तो दूसरे रथ में शंकराचार्य जी महाराज चल रहे थे। 17 जनवरी को विशाल शोभायात्रा के साथ नवदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज हुआ। मनोज तिवारी राधे महाराज के नेतृत्व में उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम दिशाओं से आए विद्वान पुरोहितों द्वारा इस धार्मिक अनुष्ठान को विधि विधान से सम्पन्न कराया जा रहा है, जिसका समापन कल 25 जनवरी को होगा। इस दौरान शंकराचार्य जी महाराज ने अपनी अमृतमयी वाणी से रसपान कराते हुए बताया कि 1 साल तक जो भी भक्त मां जगदम्बा की भक्ति पूरे मनोयोग से करता है, उसकी सारी मनोकामना न सिर्फपूर्ण होती है, बल्कि उसके जीवन मे सुख, समृद्धि, यश, कीर्ति, वैभव बढ़ता है।

### नींव पड़ते ही हुआ चमत्कार, मालिक का विवाह, पुत्ररत्न तो मिस्त्री को संतान की प्राप्ति

संदीप कालोनी स्थित मां दुर्गा जी का मंदिर अब न सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि एकांकी जीवन से सामाजिक जीवन में प्रवेश करने, पुत्र प्राप्ति करने, यश, वैभव, मान-प्रतिष्ठा बढ़ाने का भी द्वार है। 16 वर्ष पहले समाजसेवी संदीप अग्रवाल ने दुर्गा मंदिर का निर्माण कराने का संकल्प लिया था, जिसका भूमि-पूजन उनकी स्वर्गीय मां सोनाबाई अग्रवाल के हाथों हुआ था। इसी बीच मां चल बसी और पहली पत्नी ने साथ छोड़ दिया था, तब से वे एकांकी जीवन जी रहे थे। 4 साल पूर्व मंदिर निर्माण की आधारशिला रखते ही संदीप का विवाह आरती अग्रवाल से हुआ। मंदिर धीरे-धीरे आकार लेने लगा। संदीप अग्रवाल दिल खोलकर मंदिर को भव्य बनाने में जुट गए, इसी बीच पुत्र वैदिक का जन्म हुआ। यह मां दुर्गा का ही चमत्कार था, जिससे संदीप के एकांकी जीवन में सुख, समृद्धि, खुशहाली आ गई। इतना ही नहीं मंदिर निर्माण में जुटे एक मिस्त्री, जिसकी शादी के 10 साल हो चुके थे, संतान नहीं हो रही थी, मंदिर की नींव पड़ते ही मिस्त्री को भी पुत्ररत्न की प्राप्ति हुई।

### रंक से राजा बनाने का केंद्र

संदीप कालोनी का दुर्गा मंदिर रंक से राजा बनाने का भी केंद्र है। करीब 22 वर्ष पूर्व संदीप अग्रवाल की आर्थिक स्थिति दयनीय थी, जिस जमीन में अब संदीप बस चुकी है, वह पूरी तरह से बंजर, वीरान थी। ढाई एकड़ जमीन संदीप के नाम थी, जिसमे उन्होंने महज 10-15 रुपए फिट के हिसाब से बेचना प्रारंभ किया और संकल्प भी लिया कि यहां दुर्गा जी का मंदिर भी बनाना है। उस समय खरीददार भी बड़ी मुश्किल से मिलते थे। धीरे-धीरे यह कालोनी बन गईए यहां की विक्रय हुई जमीन से मिले रुपए से संदीप जमीन खरीदते गएए जिस जमीन को भी खरीदा वह बहुमूल्य हो गईए फिर होना क्या था। मां दुर्गा की कृपा से अब संदीप रंक से राजा बन गए, जिनके पास अब किसी चीज की कमी नहीं है, वे पूरी तरह से अब अपने जीवन से संतुष्ट है। संदीप बताते है कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते है। मंदिर निर्माण की आधारशिला रखते ही जीवन में खुशी ही खुशी मिली, अब कोई अभिलाषा नहीं है।

### मां सिद्धदात्री देवी पूर्ण करेगी कामना

प्राण.प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शंकराचार्य जी महाराज, अनुष्ठान के प्रमुख पुरोहित राधे महाराज द्वारा मंदिर का नामकरण मां सिद्धदात्री पूर्णरेश्वरी देवी किया, जो अब भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगी। 9 दिवसीय इस धार्मिक अनुष्ठान में रविवार को हवन का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। सोमवार को कन्याभोज, ब्राह्मण भोज, मंगलवार को भंडारा, प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ने धर्मलाभ प्राप्त करने प्रसाद ग्रहण करने का सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है।

# शिवधाम में संगीतमय शिवपुराण का आयोजन 27 जनवरी से





**विजयराघवगढ।** समीपी ग्राम शिवथाम दुर्जनपुर में सप्त दिवसीय संगीतमय शिवपुराण महायज्ञ का आयोजन 27 जनवरी से 4 फरवरी तक किया जा रहा है। उक्त आयोजन में वशिष्ठ पीठ के युवराज महंत डॉ राघवेश दास वेदान्ती जी महाराज श्री धाम अयोध्या के मंगल सानिध्य में व्यास आसीन मानस पीठाधीश्वर जगदुरू श्री रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामललाचार्य जी महाराज खजुरीताल भूतभावन भगवान शिव जी की कथा का रसपान कराएंगे। इस धार्मिक आयोजन में श्रीमती लक्ष्मीबाई बाला प्रसाद उपाध्याय, पूजा शशिकांत उपाध्याय, वंदना रविकांत उपाध्याय, शिवाकांत, उमाकांत, शिवानी उपाध्याय ने सभी श्रद्धालु भक्तों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

### सुरेंद्र कुमार गर्ग का निधन



**उमरियापान, यशभारत।** ढीमरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी सुरेंद्र कुमार गर्ग का निधन हो गया। 80 वर्षीय सुरेंद्र कुमार गर्ग का जबलपुर में प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था, जिनका कल निधन हो गया। स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार गर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण गर्ग के पिता जी थे। अंतिम संस्कार आज ग्राम देवरी में किया गया। अंतिम संस्कार में सभी वर्गों के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलत रहे।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

# कैमोर में फिर हुआ कोरोना ब्लास्ट

कैमोर। लगभग एक महीने तक नियंत्रण में रहने के बाद कैमोर नगर में एक बार फिर कोरोना ब्लास्ट हुआ है। पिछले 24 घन्टे में यहां लगभग डेढ़ दर्जन लोगों की रिपोर्ट पाजेटिव आई है। रिपोर्ट मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने मोर्चा सम्हाल लिया है। सभी संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखकर उनका उपचार किया जा रहा। कोरोना पाजेटिव पाये गए लोगों में मजदूरी पेशा लोगों के अलावा व्यापारी, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं।

## 24 घन्टे में डेढ़ दर्जन लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव

गौरतलब है कि कटनी जिले में कोरोना की तीसरी लहर की शुरुआत कैमोर से हुई थी। सबसे पहला कोरोना संक्रमित रोगी झारखंड से अमहटा प्रोजेक्ट में मजदूरी करने आया एक युवक था। इस युवक में कोरोना संक्रमण पाये जाने के बाद इसे होम आईशोलेट किया गया था पर यह रोगी बिना किसी को बताए चोरी चुपके से अपने घर झारखंड लौट गया था। इसे कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन मानते हुए बी एम ओ की शिकायत पर उस ठेकेदार के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया जिसके ठेके में यह युवक मजदूरी करने आया था। इस युवक के बाद पुनः अमहटा प्रोजेक्ट के आधा दर्जन मजदूर कोरोना संक्रमित पाये गए। ये मजदूर भी झारखंड से मज़दूरी करने कैमोर आये थे। कोरोना संक्रमित होने के बाद भी इनकी हालत सामान्य लग रही थी इसलिए इन्हें इनकी कॉलोनी के समीप ही आईशोलेशन वार्ड बनाकर उसमें रखा गया था। जिस लेबर कॉलोनी में इनका निवास था उसे सील कर दिया गया था। अमहटा के इन मजदूरों के बाद कैमोर के एक इंग्लिश



मीडियम स्कूल में पढ़ने वाले दो बच्चे और पश्चिम बंगाल से आये एक बुजुर्ग दम्पति कोरोना पाजेटिव पाये गए। इन्हें भी होम आईशोलेट कर इनका उपचार किया गया। लगभग एक महीने तक कैमोर में कोरोना नियंत्रण में रहा। ऐसा लग रहा था कि कैमोर में कोरोना की रफ़्तार पर काबू पा लिया गया है पर 22 जनवरी और 23 जनवरी को आई रिपोर्ट में यहां फिर डेढ़ दर्जन लोगों में कोरोना के लक्षण मिले हैं। इनमें खलवारा बाज़ार निवासी एक पूरा का पूरा परिवार है जिसमें 16 वर्षीय किशोरी से लेकर 95 साल तक के बुजुर्ग भी शामिल हैं। प्रौढ़ दम्पति और परिवार के दो युवा सदस्य भी होम आईशोलेट किये गए हैं। खलवारा बाजार के अलावा लालनगर निवासी एक बर्मन युवक और डंपर रोड निवासी पिछड़े वर्ग के एक युवक सहित यहीं रहने वाले 3 अन्य लोग भी संक्रमित मिले हैं। 22 जनवरी के बाद 23 जनवरी को सुबह आई रिपोर्ट में भी कैमोर की उपस्थिति दर्ज हुई है। 23 को यहां आधा दर्जन से भी अधिक लोग कोरोना पाजेटिव मिले हैं जिनमें एक 47 वर्षीय एसीसी अधिकारी और अमहटा के एक युवक समेत 5 अन्य हैं। सभी को होम आइसोलेशन में रखा गया है। कैमोर के अलावा महगांव में भी एक वृद्ध पाजेटिव पाये गए हैं। कैमोर में कोरोना रोगियों की संख्या बढ़ने से यहां एक बार फिर दहशत का माहौल बन रहा हालांकि स्वास्थ्य अमला और प्रशासन संक्रमण रोकने का पूरा प्रयास कर रहा। एस डी एम तथा सी एम ओ के निर्देशन में कोरोना प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने कई कदम उठाए गए हैं। बिना मास्क घूमते पाये जाने पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही। पुलिस भी लोगों को समझाइश दे रही। सूत्रों ने बताया कि कोरोना संक्रमण की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो जल्द ही कुछ और कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# जियोफेन्स में 5 प्रतिशत रहेगी पटवारियों की भागीदारी

## गिरदावरी की शेष व्यवस्था रहेगी पूर्ववत

**कटनी।** माध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल द्वारा बहू प्रतिक्षित जटिल जियोफेन्स गिरदावरी में विभिन्न कठिनाईयों के कारण मध्यप्रदेश शासन से ज्ञापन के माध्यम से लगातार मांग की जा रही थी कि जियोफेन्स गिरदावरी व्यवस्था को शतप्रतिशत हटा दिया जायें। इस संबंध में प्रमुख सचिव राजस्व,आयुक्त भू- अभिलेख एवं बंदोबस्त अधिकारी मोती महल ग्यालियर म.प्र. एवं प्रांताअध्यक्ष मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल एवं प्रांतीय डेलिगेशन के मध्य हुई वार्ता के द्वारा तय हुआ कि पटवारी केवल पांच प्रतिशत जियोफेन्स तथा शेष पूर्व अनुसार गिरदावरी करें इस आशय का आदेश आयुक्त भू- अभिलेख एवं बंदोबस्त अधिकारी मोती महल ग्यालियर म.प्र. द्वारा प्रसारित कर दिये गये है।

प्रदेश भर के पटवारियों की प्रमुख मांगें स्वीकृत हो जाने पर मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला साखा कटनी ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ठ अधिकारियों के प्रति आभार जताया है साथ ही आम को हुई परेशानी के लिए खेद व्यक्त किया।

# उद्घाटन मैच में एनकेजे ने आयुध निर्माणी को 6 गोल से दी शिकस्त





**कटनी।** रेलवे इंस्टीट्यूट एनकेजे के तत्वावधान में खेल आयोजित स्व. बल्लभदास स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन पहला मैच एनकेजे और ऑर्डिनेंस फैक्टरी के बीच खेला गया। जबकि दूसरा मैच कानपुर और सागर की टीम के बीच मैच खेला गया।

पहले मैच में एनकेजे ने 6 गोल से जीत दर्ज कर आर्डनेंस फैक्ट्री को पराजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता व विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भरत चतुर्वेदी, महावीर सनमोरिया, आनन्द विश्वकर्मा, राजू मिश्रा ने स्व. दास सर के चित्र पर माल्यार्पण कर सागर और कानपुर के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक करके मैच का शुभारंभ किया। मैच काफी रोमांचक रहा। दर्शकों ने मैच का भरपूर आनंद लेते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# दुष्कर्म के खिलाफ अलख जगाने 5 हजार किमी की साइकिल यात्रा पर निकला कटनी का शिवम

## प्रयागराज से शुरू यात्रा का कन्याकुमारी में होगा समापन

**कटनी।** देश भर में बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ होने वाली दुष्कर्म की वारदातें आम जनमानस को उद्वेलित कर देती हैं। लोगों के मन में इस तरह की जघन्य और नृशंस वारदातों को लेकर काफी आक्रोश भी पैदा होता है। अपने स्तर पर लोग इसका विरोध भी दर्ज कराते हैं।

कटनी निवासी एक 20 वर्षीय युवक को दुष्कर्म की इन वारदातों ने इतना व्यथित किया है कि वह देश को दुष्कर्म से मुक्त कराने का बीणा उठाकर साइकिल से जनजागरण यात्रा पर निकल पड़ा है। इसकी यात्रा प्रयागराज से शुरू होकर लगभग 5 हजार किलोमीटर का सफर करते हुए कन्याकुमारी तक पहुंचेगी। जनजागरूकता साइकिल यात्रा पर निकला शिवम मौर्या नामक युवक पिछले दिनों फरह पहुंच गया है। कटनी जिले के उपनगरीय क्षेत्र



एनकजे हरदुआ ग्राम निवासी शिवम मौया वर्तमान में प्रयागराज में बीए द्वितीय वर्ष की पढ़ाइ कर रहा है। उसके पिता जयशकर मौया कटनी जंक्शन पर ग्रुप-डी के कर्मचारी और माता दीपा देवी ग्रहणी हैं। उन्होंने दो नवंबर को अपनी छोटी बहन श्रीयन के जनमदिन पर रेप फ्री इंडिया मुहिम की प्रयागराज के नैनी से शुरूआत की।

शिवम मौर्या का कहना है कि दुष्कर्म की वारदातों को रोककर ही मातृशक्ति को सच्चा सम्मान दिया जा सकता है। इसके लिए वह अपनी यात्रा पूर्ण होने के बाद अपने मित्रों के साथ मिलकर नुक्कड़ सभा एवं जनजागरण यात्रा के माध्यम से गांव-गांव घूमकर रेप फ्री इंडिया मुहिम चलाएंगे और गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। शिवम ने बताया कि रेप फ्री इंडिया मुहिम को युवाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। उनके कटनी निवासी कई मित्रों सहित देश भर के कई युवाओं ने इस मुहिम में पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया है।

# कोविड प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर किया 6200 रूपये का अर्थदण्ड

**कटनी।** कोविड - 19 संक्रमण के प्रसार पर नियंत्रण एवं महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना जागरूकता गतिविधियों के साथ ही सार्वजनिक स्थलों में कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम के स्वास्थ्य अमले के कर्मचारियों द्वारा विगत दिवस जोन क्रमांक 3 एवं 4 के विभिन्न स्थलों में अभियान चलाकर कोविड अनुकूल व्यवहार न करने वालों पर 6200 रूपये अर्थदण्ड अधिरोपित करने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान नागरिकों को मास्क की उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर मास्क



का उपयोग कर महामारी से स्वयं एवं परिवार के सदस्यों को सुरक्षित रखनें की अपील की गई। महामारी से बचाव हेतु निगम के अतिक्रमण वाहन द्वारा भी रोजाना नगर के बाजार क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गों में टीकाकरण कराने तथा कोविड प्रोटोकॉल का पालन कर महामारी से सुरक्षित रहने की मनादी का कार्य कराया जा रहा है।

# ध्वजारोहण स्थलों सहित स्मारकों के आसपास कराई गई सफाई

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाएगी जगमग रोशनी







**कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को नगर के विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण किया जाना है। इसके अलावा शासकीय भवनों, स्मारकों एवं पुरातत्वीय महत्व के स्थलों पर रंगीन रोशनियों की सजावट की जानी है। इसे ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा आज सभी चिन्हित ध्वजारोहण वाले स्थलों एवं स्मारकों के आसपास विशेष अभियान चलाकर साफ-सफाई कराई गई। जिले का मुख्य ध्वजारोहण समारोह पुलिस लाईन झिंझरी ग्राउण्ड में आयोजित होना है इसे दृष्टिगत रखते हुए यहां विशेष साफ-सफाई के अलावा चूने की लाइन डालकर परिसर को स्वच्छत किया गया। इसके अलावा नगर के अन्य स्थलों पन्ना मोड स्थित संयम स्तम्भ, सुभाष चौक स्थित देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा स्थल की सफाई एवं धुलाई, विवेकानंद वार्ड स्थित शासकीय विद्यालय परिसर, रघुनाथ गंज वार्ड स्थित मंगलभवन सहित नगर के अन्य स्थलों के आसपास सफाई का कार्य कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में क्षेत्रीय स्वचछता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के मुख्य मार्गों सहित अन्य मार्गो में सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य के साथ ही नदीपार, बरगवां, कार्यालय कलेक्ट्रेट आदि मुख्य मार्गो के डिवाइडर के दोनों ओर की सफाई के साथ ही नगर के विभिन्न वार्डो स डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

### किया गया कीटनाशक दवा का छिड़काव

नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बस स्टेंड परिसर, नदीपार मुक्तिधाम परिसर, आजाद चौक से शेर चौक मुख्य मार्ग, गट्टानी बाडा, चांडक चौक प्वाइंट, आदर्श कॉलोनी, गाटर घाट रोड, घंटाघर प्वाइंट, स्टेट बेंक तिराहा, वीर सावरकर वार्ड नई बस्ती स्थित सरस्वती स्कूल रोड एवं शहीद द्वार से शंभू टॉकीज रोड की सफाई उपरान्त चूने की लाईनिंग, गजानन काम्पलेक्स प्वाइंट, गोल बाजार राम लीला मैदान, सब्जी मंडी प्वाइंट, शिवाजी वार्ड मुख्य मार्ग, सी.एल.पी वार्ड के विभिन्न मार्गो, बरगवां मुख्य मार्ग, सेल्फी प्वाइंट, गोलू रेस्टारेंट के सामनें, दुगाड़ी नाला मुख्य मार्ग, संजय नगर आदि स्थलों की सफाई की जाकर गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार के पास कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया।

### नाले नालियों सहित सुलभ काम्पलेक्स को भी किया गया स्वच्छ

नगर की सार्वजनिक नाले नालियों एवं सुलभ काम्पलेक्स की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए बाल गंगाधर तिलक वार्ड स्थित सरलानगर ट्यूबवैल गली फारेस्टर वार्ड स्थित मंगलनगर पुलिया, ज्ञान विद्या मंदिर स्कूल के पास, कावसजी वार्ड स्थित बालकिशन एवं सुजीत वंशकार के घर के पास, मोती ठेकेदार मार्ग, नेहरू वार्ड स्थित सुलभ काम्पलेक्स के सामनें जे.सी.बी मशीन से नाले की सफाई का कार्य सहित सी.एल.पी पाठक वार्ड, कावस जी वार्ड, रामनिवस सिंह वार्ड के सुलभ काम्पलेक्स की सफाई कराई गई।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साइज- 5x1

आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# हथियारबंद बदमाशों का धावा

## शास्त्री कॉलोनी में वारदात, मकान के अंदर सो रहे सदस्यों पर बेहोशी की दवा डालकर चार लाख की चोरी



**कटनी।** कोतवाली के राजीव गांधी वार्ड दयाराम गली स्थित एक मकान में देररात हथियार बंद युवकों ने धावा बोलकर अंदर से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी सहित लगभग चार लाख रूपए कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। वारदात के दौरान हथियार बंद बदमाशों ने अंदर सो रहे पारिवारिक सदस्यों के ऊपर बेहोशी की दवा भी डाल दी थी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक दयाराम शास्त्री गली में स्वर्गीय सुरेश तिवारी के मकान में बंदूक व तलवार से लैस बदमाशों ने धावा बोला। बदमाश बाजू के मकान की सीढ़ी से होते हुए मकान के अंदर उस समय दाखिल हुए जब स्वर्गीय सुरेश तिवारी की पत्नी शकुन तिवारी व उनका एमआर पुत्र रूपेश तिवारी अपनी पत्नी के साथ गहरी नींद में थे। बदमाशों ने मकान के अंदर सो रहे सदस्यों के ऊपर बेहोशी की दवा भी डाली और अंदर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगद रूपए, सोने-चांदी के जेवर सहित लगभग चार लाख रूपए कीमती सामान लेकर चंपत हो गए। गौरतलब है कि कुछ समय पूर्व यहां तीजा की रात चोरी की नियत से घुसे हथियार बंद बदमाशों ने एक वृद्ध की हत्या भी जाग जाने पर कर दी थी। बहरहाल पुलिस मौका मुआयना करते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है।

## रीठी के बड़गांव में टूटे आधा दर्जन मकानों के ताले

### नगदी, जेवर सहित लाखों का सामान ले गए बदमाश

कटनी/रीठी। शहर से लेकर गांव-गांव तक चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है तथा आए दिन हो रही चोरी की वारदातें पुलिस की कार्यप्रणाली व गश्त पर सवालिया निशान लगा रही हैं। रीठी थाना अंतर्गत ग्राम बड़गांव में देररात बुलंद हौंसले वाले बदमाशों ने आधा दर्जन से अधिक घरों में धावा बोला और अंदर से नगदी व सोने-चांदी के जेवरात सहित लाखों का सामान लेकर चंपत हो गए। बूटठी कुम्हार व कोमल सोनकर के यहां से सबसे ज्यादा सामान चोरी गया है। दोनों के यहां से लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवर व नगदी सहित किराना सामान चोरी जाने की सूचना है। वारदातों की जानकारी लगने के बाद आज सुबह पुलिस सक्रिय हुई और मौका मुआयना करने पहुंची। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बड़गांव के कुम्हार मोहल्ला व गंगानगर में



बदमाशों ने आधी रात धावा बोला। यहां आधा दर्जन से अधिक घरों के ताले तोड़े और लाखों रुपये कीमती सोने-चांदी के जेवर, नगदी सहित किराना सामान लेकर चंपत हो गए। बूटठी पिता रूपलाल कुम्हार ने बताया कि रात्रि में अज्ञात चोरों ने मेरे घर से 3 लाख से अधिक की चोरी की है। कोमल सोनकर ने बताया कि मेरी किराना दुकान से एक सप्ताह की बिक्री के 20 हजार रूपए नगद सहित किराना सामान बदमाश ले गए हैं। कोमल ने बताया कि सुबह 10 बजे बडगांव के नासा समीप खाली पेटी पड़ी मिली तथा उसके घर मे लगे सीसीटीवी कैमरे में रात 1 बजे के बाद चोरों के फुटेज भी कैद हुए हैं। जिसमें दो तीन लोग मुंह में कपड़ा बांधे दिख रहे हैं। इनके अलावा आशाराम कुम्हार, तुलाराम सोनकर, भगवानदास कोरी, प्रमोद सोनकर सहित गंगानगर में भी अनेक घरों के ताले तोड़े जाने की खबर है।



## मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी देवी की आराधना करने पहुंचे विधायक



**बरही।** संदीप कालोनी बरही के भव्य मंदिर में स्थापित मां सिद्धदात्री पूर्णेश्वरी देवी के दरबार में पहुंचकर क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने मां दुर्गा की आराधना करने के उपरांत उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि धन-दौलत तो हर कोई कमाता है, लेकिन कमाए हुए धन का सदुपयोग बहुत कम ही लोग करते है। संदीप अग्रवाल ने भव्य मंदिर का निर्माण कराने के साथ ही मां दुर्गा की दिव्य, अलौकिक प्रतिमा की स्थापना करा कर वंदनीय कार्य किया है। मंदिर आने वाला हर श्रद्धालु सदैव उन्हें और उनके परिवार को आशीर्वाद देंगे, जो सबसे बड़ी दौलत है।

# ट्रैक्टर-बाइक में सीधी भिड़ंत,बाइक सवार की मौत

### कैमोर में डीएवी स्कूल के समीप दर्दनाक हादसा



**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत डीएवी स्कूल के पास मोटर सायकल व ट्रैक्टर-ट्राली के बीच हुई भिड़ंत में मोटर सायकल सवार युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए विजयराघवगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। दुर्घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैमोर थाना अंतर्गत चमन चैराहा क्षेत्र निवासी 24 वर्षीय भोला उर्फ अंकित सिंह रघुवंशी को उसके पिता बाबू सिंह ने किसी काम से खलवारा बाजार भेजा था। जब युवक काम निबटा कर अपने घर वापस जा रहा था। उसीदौरान अमरैयापार की ओर जाने वाले मार्ग के समीप डंपर रोड पर मोटरसायकल विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। घटना में युवक के सिर पर गंभीर चोटें आने के कारण उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक मूलतः बड़वारा क्षेत्र के ग्राम सलैया का निवासी है जो अपने पिता के साथ कैमोर के चमन चैराहा में रहता था। पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले ट्रैक्टर को जप्त करने के साथ ही आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।





## रेत का अवैध परिवहन करते दो हाइवा जप्त

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने रेत का अवैध तरीके से परिवहन करते पाए जाने पर दो हाइवा जप्त किए हैं। बड़वारा थाना प्रभारी अंकित मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेत का अवैध तरीके से परिवहन हो रहा है। तत्काल टीम को सुड्डी बसाड़ी रोड पर तैनाती के लिए भेजा गया। जांच के दौरान हाइवा क्रमांक एम.पी.34एच-0528 चालक नरेंद्र बंसल उमरी थाना देहात जिला दमोह व हाइवा क्रमांक एम.पी.34एच-0517 चालक हरिशंकर कुशवाहा निवासी नरवा बड़ा थाना शाहगढ़ जिला सागर से रेत परिवहन संबंधी दस्तावेज मांगे तो नहीं दिखा पाए। इस पर पुलिस ने जप्ती की कार्रवाई की है।

## रास्ता रोककर युवक से मारपीट

**कटनी।** पुरानी रंजिश के कारण युवक से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के विरूद्ध पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। कुठला थानांर्गत साई मंदिर के पास रज्जुल निषाद, मनीष निषाद ने पहरूआ मंडी निवासी 29 वर्षीय दिलीप कोल पिता रामकिशोर कोल ;से मारपीट की और धमकी देकर चले गए। पीड़ित ने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराया। जिसके आधार पर पुलिस ने मामला कायम किया है।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ एक और युवक

### महंगा मोबाइल सस्ते में लेने की चाह पड़ी महंगी, चार हजार देने के बाद पार्सल में मिला पर्स और बेल्ट

**कटनी।** इन दिनों लोगों को ठगी के शिकार बनाने के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। खास तौर पर ऑनलाइन ठगी के प्रकरण बढ़ रहे हैं। विजयराघवगढ़ क्षेत्र के पिपरा निवासी युवक को महंगा मोबाइल सस्ते में देने का झांसा देकर उसे चूना लगा दिया गया। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुए राजेश पिता कोदू केवट ने बताया कि एक सप्ताह पहले उसके मोबाइल पर 9582928579 नंबर से अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके जानकारी दी की आपको जियो नंबर की तरफ से एक ऑफर आया है। जिसमें विबो कंपनी का मोबाइल आपको मिलेगा, जिसकी मार्केट में कीमत 14 हजार रूपए है लेकिन ऑफर के कारण यह 4 हजार रुपए में दिया जा रहा है। लालच में आकर राजेश केवट ने स्वीकृति दे दिया और जब उसके पास पार्सल आया तो उसने माथा पीट लिया। जी हां चार हजार रूपए भुगतान करके जो पार्सल उसने लिया उसमें मोबाइल की जगह एक पर्स और कमर में बांधने का बेल्ट निकला। अब युवक उन नंबरों में फोन लगा कर परेशान है लेकिन नंबर बंद बता रहे हैं।




## एसीसी अमेहटा प्लांट में ठेकेदार से मारपीट के बाद बवाल

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

**कटनी।** कैमोर के एसीसी अमेहटा प्लांट में काम करने के लिए आए बाहरी मजदूरों द्वारा आए दिन विवादित स्थितियां निर्मित की जा रही हैं। कुछ दिनों पूर्व अमेहटा प्लांट के गेट पर मारपीट की वारदात को अंजाम दिया गया था और अब एक ठेकेदार के गुर्गो ने दूसरे ठेकेदार के साथ मारपीट कर दिया। संडे मार्केट निवासी ठेकेदार सब्बीर खान पिता स्वर्गीय गुलशेर खान के साथ दूसरे ठेकेदार के आदमियों ने मारपीट की और राड मारकर चोट पहुंचाई। घटना के बाद प्लांट के अंदर बखेड़ा खड़ा हो गया और काम काज बंद कर दिया गया। बवाल बढ़ते हुए देख बड़ी संख्या में पुलिस अमला मौके पर पहुंचा तब हालात काबू में हुए।

# कटनी होकर चलेगी मडगांव गोरखपुर एकतरफा स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** यातायात दबाव कम करने के उद्देश्य से रेलवे के द्वारा मडगांव-गोरखपुर के बीच एकतरफा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। मडगांव से गोरखपुर के बीच यह ट्रेन कटनी जंक्शन होकर चलेगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 05030 मडगांव-गोरखपुर एक तरफा स्पेशल ट्रेन कल 23 जनवरी की रात 8 बजे मडगांव स्टेशन से रवाना होकर आज 24 जनवरी की दोपहर 13:35 बजे भुसावल के बाद खंडवा 15:47 बजे, इटारसी 18:15 बजे, जबलपुर 22:10 बजे, कटनी 23:35 बजे और तीसरे दिन सतना 00:35 बजे होकर गुजरेगी एवं प्रयागराज 04:10 बजे, वाराणसी 07:20 बजे और 11:35 बजे गोरखपुर स्टेशन पहुंचेगी। इस गाड़ी में 14 शयनयान श्रेणी एवं 02 एसआरएलडी सहित कुल 16 कोच रहेंगे। यह गाड़ी रास्ते में करमाली, थिविम, सावंतवाड़ी रोड, कणकवली, रत्नागिरी, चिपलुन, रोहा, पनवेल, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मऊ, भटनी एवं देवरिया सदर स्टेशनों पर रुकेगी। यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है। इसमें कन्फर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। साथ ही यात्रियों को यात्रा के दौरान कोविड-19 से सम्बंधित भारत सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा।



## तीन जोड़ी ट्रेनें फिर निरस्त,यात्री परेशान

### प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के चलते बिलासपुर रेलखंड पर रोज प्रभावित हो रहा रेल यातायात



**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बिलासपुर मंडल के जैतहरी-छुलहा रेलखण्ड पर थर्ड लाइन जोड़ने के लिए जैतहरी स्टेशन पर 31 जनवरी तक प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कई गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य के दौरान पश्चिम मध्य रेल से प्रारंभ/टर्मिनेट होने वाली तीन जोड़ी ट्रेनों को निरस्त किया गया है। गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति से संतरागाछी सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 26 जनवरी को और वापसी में गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी से रानी कमलापति सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से 27 जनवरी को निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पमरे के रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ/टर्मिनेट होकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 18247 बिलासपुर से रीवा एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से 31 तक और वापसी में गाड़ी संख्या 18248 रीवा से बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से 30 जनवरी तक निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पमरे के रीवा स्टेशन से प्रारंभ/टर्मिनेट होकर सतना, मैहर, अमदरा एवं कटनी स्टेशनों से होकर गुजरेगी। वहीं गाड़ी संख्या 18235 भोपाल से बिलासपुर एक्सप्रेस 30 जनवरी तक और वापसी में गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर से भोपाल एक्सप्रेस 31 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी पमरे के भोपाल स्टेशन से प्रारंभ/टर्मिनेट होकर सलामतपुर, सांची, विदिशा, गुलाबगंज, गंजबसौदा, कल्हार, मंडी बामौरा, बीना, खुरई, जरुआखेड़ा, इसरवारा, नरियावली, सागर, मकरोनिया, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, असलाना, दमोह, बांदकपुर, घटेरा, सगोनि, सलैया, बखलेटा, रीठी एवं कटनी मुड़वारा स्टेशनों से होकर गुजरेगी।


**बेचना है**

द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें- मो. 9977761441 9425859026

**आवश्यकता है**

CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों ( Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी मो. 7000922945, 9300937907

**JOB OPENING**

Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.
For Application
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टैनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

**डॉ. स्मिता बजाज**

MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**CITY Mall**

EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR | Reliance digital | TRENDS | PLANET FASHION | U-TURN | BOLSA | GALAXY | CITY PRIDE Cinema | Food Junction | HOTEL GRAND MERIDIAN | FLAVOURS | GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

**JOHNSON**

Not just tiles, Lifestyles.



सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान

**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट

पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

**रत्ना मैरिज गार्डन**

मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था



पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)